# कार्यालय नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)

पत्रांक :- 1442/न0पा0परि0-स0/बो0बै0का0कार्यवृत्त/2025-26 दिनांक :- 14.01.2026

सेवा में,

**आयुक्त महोदय**
मेरठ मण्डल, मेरठ।

**द्वारा :- जिला मजिस्ट्रेट**
मेरठ।

**विषय :- नगर पालिका परिषद सरधना (मेरठ) की आहूत बोर्ड बैठक दिनांक 13.01.2026 के द्वारा पारित संकल्प की सूचना संबंधी।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अवगत कराना है कि पालिका पत्रांक 71 दिनांक 07.01.2026 द्वारा इस निकाय में दिनांक 13.01.2026 को पालिका सभागार में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरधना द्वारा बोर्ड बैठक आहूत करने के लिए एजेण्डा प्रेषित किया गया था **(संलग्न आहूत बोर्ड बैठक का एजेण्डा सूचना)।**

तदानुसार बोर्ड द्वारा दिनांक 13.01.2026 को बोर्ड बैठक में एजेण्डा बिन्दुओं के सापेक्ष पारित संकल्प प्रस्ताव आपकी सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

Shahid
**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

**प्रतिलिपि :- निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निदेशक महोदय, स्थानीय निकाय निदेशालय, सेक्टर-7 गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ।
2. अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) महोदय, मेरठ।
3. उप जिलाधिकारी महोदय, ~~मेरठ~~। सरधना।
4. प्रधान लिपिक को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त बोर्ड बैठक के पारित संकल्प की प्रति पालिका के सूचना पट पर चस्पा व पालिका की वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

Scanned with CamScanner

आज दिनांक 13.01.2026 को दोपहर 12:00 बजे नगर पालिका परिषद सरधना के सभागार में श्रीमती सबीला बेगम अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सरधना की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक प्रारम्भ हुई, जिसमें निम्नवत् उपस्थिति रही–

| | | |
|---|---|---|
| | श्रीमती सबीला बेगम, | अध्यक्ष, |
| 1 | श्रीमती अंजली | सदस्य, |
| 2 | श्री वीर सिंह भाटी | सदस्य, |
| 3 | श्री मुकेश | सदस्य, |
| 4 | श्रीमति तनिका जैन | सदस्य, |
| 5 | श्रीमती शगुफ्ता | सदस्य, |
| 6 | श्री संजय कुमार | सदस्य, |
| 7 | श्री शानू जैन | सदस्य, |
| 8 | श्रीमती नेहा जैन उर्फ नेहा टाली | सदस्य, |
| 9 | श्री राहुल | सदस्य, |
| 10 | श्री शकील | सदस्य, |
| 11 | श्रीमती दानिस्ता | सदस्य, |
| 12 | श्री शहजाद | सदस्य, |
| 13 | श्री शाहिद | सदस्य, |
| 14 | श्रीमती शायदा उर्फ शाहिदा | सदस्य, |
| 15 | श्रीमती समीना | सदस्य, |
| 16 | श्री मोहम्मद खालिद | सदस्य, |
| 17 | श्रीमती राहत परवीन | सदस्य, |
| 18 | श्री फरमान | सदस्य, |
| 19 | श्री सलीम | सदस्य, |
| 20 | श्री मन्नान | सदस्य, |
| 21 | श्री आशीष त्यागी | सदस्य, |
| 22 | श्री तारिक हसन | सदस्य, |
| 23 | श्री इमरान | सदस्य, |

| | |
|---|---|
| **प्रस्ताव संख्या 1 :–**<br>गत बैठक की पुष्टि | सदन के समक्ष गत बैठक की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया, जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गयी । |
| **प्रस्ताव संख्या 2 :–**<br>गणतंत्र दिवस पर कार्यकंम कराये जाने पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन में चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में गत वर्षो की भॉति पालिका कार्यालय भवन, शहीद द्वार, बाबा भीमराव अम्बेडकर द्वार व पार्क व वीर अब्दुल हमीद पार्क आदि पालिका भवनों पर विधुत साज–सज्जा कराते हुए गणतंत्र दिवस पर पालिका कार्यालय में आगुन्तको को बैठाने के लिए पर्याप्त कुर्सीयां मेज व लाउडस्पीकर व सूक्षम जलपान व मिष्ठान वितरण कराते हुए भव्य आयोजन किया जाये। उक्तानुसार सर्व सम्मति से कार्यवाही के लिए से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया । |
| **प्रस्ताव संख्या 3 :–**<br>15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत शासनादेश संख्या 8/806/320(6)/15वां वि0आ0/2025–26 लखनऊ दिनांक 18 नवम्बर 2025 | सदन में 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के शासनादेश संख्या 8/806/320(6)/15वां वि0आ0/2025–26 लखनऊ दिनांक 18 नवम्बर 2025 में उल्लिखित |

Shakila
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सरधना (मेरठ)

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| में उल्लिखित दिशा–निर्देशानुसार टाईड ग्रांट हेतु अंकन 1,37,92,961 रू0 व शासनादेश संख्या 8/807/320(6)/15वां वि0आ0/2025–26 लखनऊ दिनांक 18 नवम्बर 2025 में उल्लिखित दिशा–निर्देशानुसार अन्टाईड बेसिक ग्रांट हेतु अंकन 91,95,307 रू0 की प्राप्त धनराशि के उपयोग पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | दिशा–निर्देशानुसार टाईड ग्रांट हेतु अंकन 1,37,92,961 रू0 व शासनादेश संख्या 8/807/320(6)/15वां वि0आ0/2025–26 लखनऊ दिनांक 18 नवम्बर 2025 में उल्लिखित दिशा–निर्देशानुसार अन्टाईड बेसिक ग्रांट हेतु अंकन 91,95,307 रू0 की प्राप्त धनराशि के उपयोग पर चर्चा हुई। चर्चा में सर्वसम्मति से शासनादेश में उल्लिखित दिशा–निर्देशानुसार अन्टाईड ग्रांट में वार्ड सदस्यों व आम जनता द्वारा की गयी मांग के कम में अति आवश्यक निर्माण कार्य आदि को प्रस्ताव में सम्मिलित किया जाये इसी प्रकार टाईड ग्रांट में शासन के दिशा–निर्देशानुसार सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट व पेयजलापूर्ति के लिए यथा आवश्यक कार्य प्रस्ताव में सम्मिलित करते हुए यदि उक्त प्राप्त धनराशि में सदस्यों के कार्य पूर्ण नहीं होते है, तो भविष्य में 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से सदस्यों द्वारा दिये गये प्रस्ताव के शेष कार्य सम्मिलित करते हुए टाईड व अन्टाईड ग्रांट की कार्य योजना बनाकर सक्षम स्तर पर स्वीकृति हेतु प्रेषित की जाये। उक्तानुसार अति आवश्यक कार्य आदि प्रस्ताव में सम्मिलित करने हेतु सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 4 :–**<br>उ0प्र0 नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 के अर्न्तगत आरोपित किये गये ग्रहकर, जलकर पर भवन स्वामियों के भवन के क्षेत्रफल आदि पर कर आरोपण के संबंध में आपत्ति प्राप्त करने व पालिका हित व जनहित को दृष्टिगत रखते हुए डेयरियों, कपड़ा बुनकर पावरलूम, बैंक ए0टी0एम0 मशीन, पैट्रोल पम्प, व्यवसायिक गोदाम, गैस एजेन्सी पर कर निर्धारण हेतु विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन में उ0प्र0 नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 पर चर्चा हुई, चर्चा के दौरान गृह स्वामियों के कर निर्धारण पर फर्शी क्षेत्रफल की गणना त्रुटि पर आपत्ति प्राप्त करने की प्रकिया व अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद सरधना द्वारा गठित समिति का अनुमोदन करते हुए उक्त प्रकिया अनुसार फर्शी क्षेत्रफल के गणनात्मक त्रुटियों को शुद्ध करते हुए कर आरोपण की प्रकिया को स्वीकृत करते हुए उक्त उ0प्र0 नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 में नगर में पालिका हित व जनहित को दृष्टिगत रखते हुए ए0टी0एम0 मशीन, पैट्रोल पम्प, व्यवसायिक गोदाम, गैस एजेन्सी तथा मोबाईल टावरों पर गृहकर व जलकर रेट एग्रीमेन्ट के आधार पर निर्धारित किया जाये तथा कपडा बुनकर के संबंध में श्री मौ0 तारिक, श्री शहजाद सितारा के साथ–साथ अन्य सदस्यों द्वारा हस्ताक्षिरत कर दिये गये पत्र को सदन के समक्ष रखा गया, जिसमें उनके द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि लघु उद्योग से कर निर्धारण नगर पालिका परिषद सरधना द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुरूप दर से ही लिया जाये, गलत श्रेणी में रखे लघु उद्योगों का संशोधन/कन्वर्जन किया जाये संशोधित कर निर्धारण के अनुसार ही संबंधित लघु उद्योग संचालको को विधिवत् नोटिस दिया जाये, जिस पर सदन में चर्चा उपरान्त निर्णय लिया गया कि उ0प्र0 नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 के वार्षिक मूल्य पर अनुसूचि की श्रेणी–1 के अनुसार कर निर्धारण किया जाये व उक्त के अतिरिक्त अनुसूची की श्रेणी 2 व 3 में उल्लिखित भवनों पर तीन गुना कर निर्धारण किया जाये। |

Shabila
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सरधना (मेरठ)

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| . | उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 5 :–**<br>पालिका में प्रचलित जल सम्भरण वितरण तथा जल शुल्क जलमूल्य, नियमावली 2012 द्वारा निर्धारित जलमूल्य शुल्क को भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर नियमावली अनुसार भवन या भूमि पर ग्रहकर, जलकर आरोपण उपरांत नियमावली अनुसार जलमूल्य को लिये जाने के संबंध में नियमावली संशोधन करने पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन में जल सम्भरण वितरण तथा जल शुल्क जलमूल्य, नियमावली 2012 में निर्धारित जलमूल्य के संबंध में सर्वसम्मति से चर्चा उपरान्त निर्णय लिया गया कि पालिका द्वारा गृहकर, जलकर एवं जलमूल्य वसूला जा रहा है, जिस क्रम में गृहकर स्वामियों से वर्तमान में स्वःकर के अन्तर्गत निर्धारित गृहकर, जलकर के सापेक्ष उक्त उपविधि अनुसार निर्धारित जलमूल्य की धनराशि में जलकर व जलमूल्य जो अधिक होगा वह संबंधित से लिया जायेगा इस प्रकार का उक्त उपविधि में शर्त सम्मिलित करते हुए कार्यवाही करने पर सहमति बनी तथा साथ ही साथ सहमति उपरान्त यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त उपविधि में उक्त शर्त को सम्मिलित करने के उपरान्त गजट प्रकाशन की दिनांक से पूर्व निर्धारित जलमूल्य तथा पुरानी प्रकिया में निर्धारित जलकर यथावत् गृहकर स्वामियों से लिया जायेगा। गजट प्रकाशन की दिनांक के उपरान्त ही जलकर एवं जलमूल्य में से जो अधिक होगा वह कर गृह स्वामियों से लिया जायेगा। उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 6 :–**<br>नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन तथा स्वच्छता उपविधि के अंतर्गत यूजर चार्ज निर्धारित करते हुए उपविधि तैयार करने पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन में नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन तथा स्वच्छता उपविधि के अंतर्गत यूजर चार्ज निर्धारित के पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान केवल व्यवसायिक प्रयोग के भवनों आदि पर अंकन 30 रू0 प्रतिमाह यूजर चार्ज निर्धारित करते हुए खुले में कूड़ा आदि गेरने पर जुर्माना निर्धारण करने पर सहमति बनी।तथा आवासीय भवनो के ऊपर यूजर चार्ज अधिरोपण को पुनः रोक दिया गया,उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 7 :–**<br>मोबाईल टावर पर लाईसैंस शुल्क व अन्य कर निर्धारण करने पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन में चर्चा उपरान्त मोबाईल टावर की स्थापना हेतु लाईसेन्स शुल्क एवं अन्य कर निर्धारण करने पर सहमति बनाते हुए उक्तानुसार उपविधि में दरें व लाईसेन्स शुल्क व अन्य धनराशि सम्मिलित करते हुए उपविधि तैयार करने के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत करते हुए कार्यवाही के लिए सहमति बनी। |
| **प्रस्ताव संख्या 8 :–**<br>पालिका में प्रचलित नगर पालिका परिषद सरधना (मेरठ) विभिन्न व्यवसाय व लाईसेन्स शुल्क उपविधि 1996 में निर्धारित दरों को बढ़ाये जाने पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | पालिका में प्रचलित विभिन्न व्यवसाय व लाईसेन्स शुल्क उपविधि 1996 में निर्धारित दरों में नर्सिंग होम, पैथोलॉजी लैब पर पूर्व निर्धारित लाईसेन्स शुल्क में 50 प्रतिशत वृद्धि करने व अन्य निर्धारित शुल्क में 20 प्रतिशत वृद्धि करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत करते हुए उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 9**<br>अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से | |

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सरधना (मेरठ)

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| **प्रस्ताव संख्या 9 (1) :–**<br>अधिशासी अधिकारी आवास बनवाये जाने पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन में अधिशासी अधिकारी आवास न होने के कारण सदन में अधिशासी अधिकारी के आवास निर्माण हेतु चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर पालिका परिसर में अथवा अन्य किसी पालिका की भूमि पर अधिशासी अधिकारी आवास हेतु भवन का निर्माण कार्य कराया जाये। उक्तानुसार निर्माण कार्य कराने के लिए अवर अभियंता से आंगणन तैयार कराने एवं अन्य आवश्यक औचारिकताएं पूर्ण करने हेतु अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 9 (2) :–**<br>डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन व एस0बी0एम0 सेल की निविदा आमंत्रण करने पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन में डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु निविदा अवधि पूर्ण होने के बाद अनुबंधित निविदा की अवधि तत्कालिक आवश्यकतानुसार बढ़ायी गयी थी तथा जिसकी निविदा आमंत्रित की जानी है एवं इसी प्रकार एस0बी0एम0 सेल के संचालन हेतु माह दिसम्बर 2025 तक अनुबंधित समयावधि जो पूर्ण हो चुकी है उसकी भी निविदा की जानी है से सदन को अवगत कराया गया, जिसमें सदन द्वारा चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु पूर्व में बढ़ायी गयी अनुबंधित समयावधि का अनुमोदन करते हुए डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन व एस0बी0एम0 सेल के संचालन हेतु निविदा आमंत्रण कर प्रकिया पूर्ण होने तक पूर्व निविदादाता से ही अनुबंधित दरों के अनुसार कार्य कराने पर सहमति बनी। |
| **प्रस्ताव संख्या 9 (3) :–**<br>अशोक की लाट पर स्थित फड़ अनुमति शुल्क की दर बढ़ाये जाने पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन के समक्ष अशोक की लाट पर स्थित फड़ अनुमति शुल्क की दर बढ़ाये जाने पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान फड़ अनुमति शुल्क अंकन 2000 रू0 प्रतिमाह निर्धारित करने हेतु सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया है। उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 9 (4) :–**<br>नगर में मुख्य चौराहों पर साईनेज बोर्ड लगवाये जाने पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन में चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर के मुख्य चौराहों एवं प्रवेश मार्गो पर साईनेज बोर्ड अधिष्ठापित कराये जाये। उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 9 (5) :–**<br>श्री मोहम्मद फरमान सदस्य द्वारा मंडी परिसर में स्थित स्थाई ग्राउण्ड को सरधना खेल ग्राउण्ड के रूप में विकसित किये जाने हेतु दिये गये प्रस्ताव पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | श्री मोहम्मद फरमान, सदस्य द्वारा सदन के समक्ष सरधना मंडी परिसर में स्थित स्थाई ग्राउण्ड को सरधना खेल ग्राउण्ड के रूप मे विकसित किये जाने हेतु मंडी परिषद/संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए नगर पालिका परिषद सरधना द्वारा एक विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन जिसमें खेल मैदान रनिंग ट्रैक, प्रकाश व्यवस्था, दर्शक दिर्घा, खिलाडियों हेतु मूलभूत सुविधाएं तथा अन्य आवश्यक संरचनाएं सम्मिलित करते हुए डी0पी0आर0 भारत सरकार के मा0 मंत्री एवं सांसद श्री जयन्त चौधरी जी को आवश्यक मार्गदर्शन/प्रशासनिक सहयोग एवं वित्तीय सहायता प्राप्त करने अथवा परियोजन के कियान्वयन हेतु राज्य सरकार मंडी परिषद एवं भारत सरकार की प्रशासनिक योजनाओं के अन्तर्गत अनुदान/सहयोग प्राप्त करने की कार्यवाही विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए |

Shalila
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सरधना (मेरठ)

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका सरधना को अधिकृत करते हुए की जाये तथा विकसित किये जाने वाले खेल परिसर का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी के नाम पर करने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव को सदन के समक्ष पढ़कर सुनाया गया, जिस पर सदन में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर की सीमा क्षेत्र से बाहर अथवा सीमा क्षेत्र से लगे क्षेत्रों में जनहित के कार्य कराने के बाद भी शिकायतें होने पर उच्चाधिकारियों द्वारा जांच उपरान्त पालिका के तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियों एवं तत्कालीन अध्यक्ष के विरूद्ध कार्यवाही आदि की गयी है, जिस कारण उक्त प्रस्ताव सीमा क्षेत्र से बाहर का होने के कारण निकाय स्तर से कोई कार्यवाही नियमानुसार किया जाना उचित नहीं होगा। इस कार्य को कराने हेतु सांसद निधि/विधायक निधि अथवा भारत सरकार की अन्य परियोजनाओं के माध्यम से शासन को प्रस्ताव आदि प्रेषित करने व उनसे समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करने पर सहमति बनी। |
| **प्रस्ताव संख्या 9 (6) :–**<br>जलनिगम द्वारा बनाये जा रहे भवन को पालिका में दुकाने निर्मित कराने के लिए बनाये जा रहे भवन को विस्थापित कराने पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | श्री मोहम्मद खालिद अंसारी, सदस्य द्वारा पालिका कार्यालय में जल निगम द्वारा बनाये जा रहे भवन निर्माण के लिए पालिका की टाउन हॉल रोड की दीवार की ओर ठेकेदार द्वारा जगह कम छोडने से पालिका द्वारा भविष्य में पालिका द्वारा बनाये जाने वाली दुकानें न बनने से करोड़ो रू0 की आय प्रभावित होगी से अवगत कराया गया, जिस पर सदन में चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जल निगम द्वारा बनाये जा रहे भवन व सडक की ओर पालिका की दीवार के मध्य दुकान निर्माण हेतु अन्तर रखने के लिए चल रहे निर्माण कार्य में भवन के कार्य को रूकवाकर भवन को इस प्रकार विस्थापित करा दिया जाये ताकि भविष्य में पालिका दुकानों का आंवटन कर उक्त अन्तर स्थल पर पालिका दुकाने निर्मित करते हुए अपनी करोड़ों रूपयों की आय में वृद्धि कर सके। उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्व सम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 9 (7) :–**<br>पूर्व बोर्ड बैठक में अति आवश्यक कार्यो को शीघ्र कराने हेतु स्वीकृत प्रस्ताव के क्रम में कराये गये कार्य के आंगणन का अनुमोदन पर विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन में गत बैठक में सदस्यों द्वारा दिये गये प्रस्ताव पर अति आवश्यक कार्य को शीघ्र कराने हेतु स्वीकृत प्रस्ताव के क्रम में पालिका द्वारा निम्नानुसार कार्य कराये गये है।<br>(1) नगर पालिका परिसर में मॉडयुलर किचन एवं टीन शेड का निर्माण कार्य आंगणन अंकन 3,61,068 रू0 (2) वार्ड 8 रिंकू जैन के मकान से विनोद मैनेजर (मनोज ठाकुर वाली) के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य का आंगणन 1,46,616 रू0 की निविदा आमंत्रित कर कार्यादेश निर्गत कर दिया गया है, जिनका अनुमोदन व स्वीकृति चाही गयी। सदन में चर्चा उपरान्त पूर्व बोर्ड बैठकों में अति आवश्यक कार्यो को शीघ्र कराने हेतु प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है, जिस क्रम में उक्त कार्यो की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करते हुए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया तथा साथ ही साथ सदन में चर्चा |

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सरधना (मेरठ)

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | उपरान्त यह भी निर्णय लिया गया कि पूर्व बोर्ड बैठक में अति आवश्यक कार्यो को चिन्हिंत करते हुए कार्य कराने हेतु स्वीकृत प्रस्ताव के कम में अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी द्वारा जनहित आदि अति आवश्यक कार्यो को उक्त स्वीकृति के क्रम में निविदा आमंत्रण कर करा लिया गया है तो उनका पृथक से अनुमोदन न लेकर सदस्यों द्वारा पूर्व में अति आवश्यक कार्य को कराने हेतु स्वीकृत प्रस्ताव अनुसार ही कराये गये कार्य का बिल भुगतान हेतु अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 9 (8) :–**<br>वार्ड सदस्यों द्वारा अपने–अपने वार्ड में विकास कार्य हेतु दिये गये प्रस्ताव पत्रों पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | सदन में वार्ड सदस्यों द्वारा अपने अपने वार्ड में दिये गये प्रस्ताव में उल्लिखित विकासात्मक कार्यो के प्रस्ताव को सदन के समक्ष रखा गया।<br><br>**श्रीमती राहत परवीन, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**<br>1–बैरून सराय में झोड वाली गाली में अब्दुल सलाम उर्फ छामो के मकान से अमृत सरोवर नाले तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य<br>2–बैरून सराय में पूरे मौहल्ले की नालियो का निर्माण कार्य<br>3–अलीबाबा चौक बैरून सराय में चौक पर पुलिया को उठाया जाये।<br><br>**श्रीमती शायदा उर्फ शाहिदा, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**<br>1–वार्ड न0 15 मौहल्ला जोगियान में पूर्व चैयरमैन असद गालिब के मकान से मौ0 उमर के मकान तक आर0सी0सी0 की सडक व नाली का निर्माण कार्य<br>2–वार्ड न0 15 में शायदा उर्फ शाहिदा के नाम का बोर्ड लगाया जाये<br><br>**श्रीमती अंजली, श्री आशिष त्यागी, श्री शानू जैन सदस्य द्वारा हस्ताक्षिरत दिया गया पत्र**<br>1–वार्ड 1 में गुजरान गेट चौराहे से लेकर वाल्मीकि मंदिर वाल्मीकि रोड पर सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य कराया जाये।<br>2–वार्ड 8 में गुडडु गेम वाले से लेकर हकीम पदम जैन के यहॉ तक मौ0 किशोरकान में सी0सी0 रोड का व नाली निर्माण का कार्य कराया जाये।<br>3–वार्ड 1 में खाकरोबान मौहल्ले में चीनू के मकान से होते हुए टावर वाली गली तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य कराया जाये।<br><br>**श्री शकील, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**<br>1–शर्द ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए कम्बल वितरित कराये जाये।<br><br>**श्री मन्नान, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**<br>1–मौ0 भूलरिया में हाजी एजाज की बैठक से हाजी नफीस के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य कराया जाये। |

Shahid
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
कैराना (शामली)

Scanned with CamScanner

2–मौ0 शेखान में हाजी एजाज की बैठक में मोनू समोसा वालो की दुकान तक (मस्जिद के पास) सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य कराया जाये।
3–मौ0 भूलरिया में जाहिद दूध वाले की दुकान के सामने से हाजी एजाज वाला चौक सी0सी0 टाईल्स व इण्टरलॉकिंग का कार्य कराया जाये।

**श्रीमती नेहा जैन उर्फ नेहा टाली, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**
1–शहीद द्वार डिवाईडर से लेकर अशोक स्तम्भ के बीच डिवाईडर का सौन्दर्यीकरण एवं डिवाईडर का निर्माण कार्य कराया जाये।
2–वीर प्रीतयम रेडीमेंड से लेकर प्रमोद मोदी के मकान तक सडक का निर्माण कार्य कराया जाये।
3–आनन्द चौहान से लेकर पंडित जी के मकान तक सडक का निर्माण कार्य कराया जाये।
4–आचार्य विधोदय द्वार मैत्री अग्रसैन द्वार अधूरा पडा निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाये
5–अशोक स्तम्भ से लेकर तिराह तक सडक निर्माण कार्य कराया जाये।

**श्रीमती दानिस्ता, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**
1– वार्ड 12 में इलम सिंह वाली गली में इरशाद के मकान से आबिद के मकान से पी0डब्लू0डी0 रोड तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य कराया जाये।
2– इस्लाम के मकान से अब्बास तक व अब्बास से परवीन के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य कराया जाये।
3– इकबाल के मकान से छोटी मस्जिद तक रिपेयर कराया जाये।
4– आशू के मकान से नफीस के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य कराया जाये।
5– तीन हाईमास्ट लाईटों के खम्बे लगवाये जाये।
6– बीस नई लाईट लगवायी जाये।
7– अब्दुल हक के सामने वाली गली शमशाद के मकान से साबिर के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य कराया जाये।
8–अली हसन से अब्दुल अजीज तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य कराया जाये।
9–इकराम मेम्बर से बाबू के मकान तक रिपेयर कार्य कराया जाये।

**श्री मोहम्मद खालिद, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**
1– वार्ड 17 में 25 नई लाईटें लगवायी जाये।
2–गोमतीनगर के गेट से जिल्लू की डेयरी तक नाली निर्माण व सी0सी0 सड़क निर्माण कराया जाये।
3–गोमतीनगर में जिल्लू की डेयरी से राजवाहे तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य कराया जाये।

Shakil

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | 4–मौहल्ला अन्सार नगर में एस0डी0एम0 हाउस से डम्पिंग ग्राउण्ड तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य कराया जाये।<br>5–तीन फ्रिज लगवाये जाये।<br>6– सरधना में मुख्य मार्ग पर आगमन स्वागत द्वार बनवाया जाये।<br>7– टाउनहाल रोड पर पालीवाल के मकान से नाले तक सी0सी0 सड़क व नाली बनवायी जाये।<br>8–अन्सारनगर में रांगड़ों वाली गली हैल्थ क्लब से लास्ट वाले मकान तक सी0सी0 सड़क भराव सहित नाली सहित निर्माण किया जाये।<br><br>**श्री शकील, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**<br>1– कोठी की सड़के बनवायी जाये।<br>2–कोठी में बिजली के खम्बे लगवाये जाये।<br>3–घनश्याम मंडी के रास्ते बनवाये जाये।<br>4–प्रभातनगर की सड़के बनवायी जाये।<br>5–वार्ड में नई लाईटों हेतु नये प्वांईट बनवायी जाये।<br>6–कालन्द चुंगी से लेकर जगदीश पन्सारी तक सड़क ऊपर करायी जाये।<br>7–छम्मन वाली गली बनवायी जाये।<br><br>**श्री शाहिद, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**<br>1–आफताब के मकान से छंग्गा के मकान तक गली का निर्माण कराया जाये।<br>2–अनीस के मकान से राजीव मलिक के मकान तक गली बनवायी जाये।<br>3–हकीमूदीन मलिक से अब्बास मलिक के मकान तक गली बनवायी जाये।<br>4–इरशाद मलिक के मकान से रमजाली मलिक के मकान तक गली बनवायी जाये।<br>5– फिरकू के घेर धर्मवीर के मकान तक गली बनवायी जाये।<br>6–मोहब्बत के मकान से मुन्ना अंसारी तक गली बनवायी जाये।<br>7–वार्ड में कुछ मरम्मत का कार्य कराया जाये।<br><br>**श्रीमती अंजली, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**<br>1–मौ0 खेवान में नाले पर बने शौचालय की मरम्मत करायी जाये।<br>2–खेवान में शोचालय के पास पुलिया का उच्चीकरण कराया जाये।<br>3–किला खेवान की पुलिया से शौचालय होते हुए अमित पार्चा के मकान की पुलिया तक सी0सी0 रोड बनवायी जाये।<br>4–गुजरान गेट वशिष्ठ मैडिकल स्टोर से सोहनवीर के मकान के सामने से होते हुए वाल्मीकि शिव मन्दिर तक सी0सी0 रोड निर्माण कराया जाये।<br>5–गुजरान गेट पी0एन0बी0 बैंक के सामने रोड व गली का निर्माण कार्य कराया जाये। |

Shahil
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सरधना (मेरठ)

Scanned with CamScanner

**श्री वीर सिंह भाटी, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**

1–बिनौली रोड से मैनका के सामने मैन रोड का निर्माण कार्य कराया जाये।

2–वार्ड की गलियों के चैनल लगवाये जाये।

3–श्री जितेन्द्र पांचाल के घर के बराबर में गली का निर्माण कराया जाये।

**श्री संजय कुमार, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**

1–रूपचन्द जी वाली गली का निर्माण कराया जाये।

2–चौधरी टैन्ट से कुलदीप खल वाले की गली का निर्माण कराया जाये।

3–आदर्शनगर में अरविन्द जैन के बराबर में आबचक का निर्माण कराया जाये।

4–प्रभातनगर में दिनेश सैनी वाली गली का निर्माण कराया जाये।

**श्रीमती तनिका जैन, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**

1–जामुन के पेड वाली पुलिया से लेकर हिमालय हास्पिटल होते हुए पाण्डुशिला रोड तक सी0सी0 सड़क निर्माण कराया जाये।

2–दीपक फर्नीचर वालों से बूढा बाबू चोक तक सी0सी0 रोड बनवायी जाये।

3–बिनौली रोड के चौराहे से लेकर पाण्डुशिला द्वार तक नाला निर्माण कराया जाये।

4– वार्ड में बूढा बाबू मन्दिर के नाम से द्वार बनवाया जाये।

5–जैन मार्किट की दो गलियों में सड़क निर्माण कराया जाये।

6–बची हुई सड़क धन्नी जूते वालों से लेकर के0के0 पब्लिक स्कूल तक सीसी रोड बनवायी जाये।

**श्री मुकेश, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**

1–रेखा मैडिकल स्टोर से सुदेश एडवोकेट नाले के पुल तक सी0सी0 रोड बनवायी जाये व श्री चन्द की गली से राकेश तक सड़क निर्माण कराया जाये।

2–रामजीलाल के मकान से विकम आदि के मकान से सडक का निर्माण कराया जाये।

3–वार्ड 4 शिव मन्दिर के सामने वाला महेन्द्र व मोहित आदि गली का निर्माण कराया जाये।

4– चिन्टू आशीष से लेकर पदम सैन जैन के मकान तक सड़क बनवायी जाये।

5– डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क में लाईब्रेरी का निर्माण कराया जाये।

6–वार्ड की नालियां एवं सडकों की मरम्मत करायी जाये।

7–लाईट के नये प्वाईन्ट बनवाकर नई लाईटें लगवायी जाये।

8– दलित बस्ती में नाले के ऊपर जाल लगवाया जाये।

9–डा0 भीमराव अम्बेडकर पार्क के समीप नाला कवर कराया जाये।

अध्यक्षा
नगर पालिका परिषद
खतौली (मेरठ)

Scanned with CamScanner

**श्री राहुल, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**

1–धर्मवीर के मकान से रामनाथ के मकान तक सड़क निर्माण कराया जाये।

2–कमाल के मकान से गोपाल की दुकान तक सड़क निर्माण कराया जाये।

3–राजकुमार के मकान से रविन्द्र के मकान तक सड़क निर्माण कराया जाये।

4–हरलालपुरा में तालाब का सौन्दर्यीकरण कराया जाये।

**श्रीमती शगुफ्ता, सदस्य द्वारा दिये गये प्रस्ताव**

1–पम्मू मिस्त्री के मकान से शेरबानों के मकान तक सीसी0 रोड व नाली निर्माण कराया जाये।

2–छावनी में नंगला रोड पर कादिर के मकान से नाईओं के मकान तक सीसी0 रोड व नाली निर्माण कराया जाये।

3– मौ0 छावनी में शाजिदा के मकान से मनव्वर के मकान तक टाईल्स व नाली निर्माण कराया जाये।

4– मौ0 छावनी में अब्दुल हमीद नगर में विभिन्न गलियों में भराव व सडक व नाली निर्माण कराया जाये।

5– मौ0 छावनी आं0 कालन्द रोड शाहिद के मकान से बाहर तक सीसी0 रोड व नाली निर्माण कराया जाये।

6–मौ0 छावनी में खुशो के मकान से सगीर के मकान तक सीसी0 रोड व नाली निर्माण कराया जाये।

7– मौ0 छावनी में विक्टर के मकान से तराबू के मकान तक सीसी0 रोड व नाली निर्माण कराया जाये।

8– मौ0 छावनी में सोम डेयरी से विरेन्द्र सैनी के मकान तक टाईल्स रोड व नाली निर्माण कराया जाये।

उक्त प्रस्तावों पर अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिशासी अधिकारी द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि वर्तमान में पालिका में राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत कार्य कराये जाने हेतु पर्याप्त धनराशि नहीं है जिस कारण उपलब्ध कराये गये प्रस्तावों पर कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है, जिस को दृष्टिगत रखते हुए सदन में चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मा0 सदस्यों द्वारा दिये गये विकास कार्यों के प्रस्ताव में अति आवश्यक कार्य को चिन्हिंत करते हुए अति आवश्यक कार्य ही राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से धनराशि की उपलब्धता के आधार पर कार्य कराये जाये तथा साथ ही साथ सदन मे चर्चा उपरान्त सहमति बनी कि नगर में यदि कहीं भी सडक में कोई गडढा अथवा कोई नाली/नाला अथवा पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होती है या पेयजलापूर्ति में समसेबिल अथवा कोई समरसेबिल पम्प, पैनल व पालिका के वाहन/सयन्त्र आदि खराब होता है या किसी कीटनाश्क दवा आदि व कली चूना, सोडियम हाईपोक्लोराईड अथवा पेजयल सामग्री अथवा पेयजल की सुचारूता हेतु टैंक आदि की सफाई का कार्य आदि की आवश्यकता होती है तो ऐसे अति आवश्यक कार्यो को चिन्हिंत करते हुए उन्हें करा लिया जाये तथा उक्त के अतिरिक्त चर्चा उपरान्त यह भी निर्णय लिया गया कि पालिका परिसर में संचालित लाईब्रेरी में छात्रों के पाठ्य पठन हेतु वाई–फाई अधिष्ठापित करा दी जाये तथा नगर पालिका

Shahla
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
शामली (मेरठ)

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | के कम्प्यूटरों हेतु पूर्व में अधिष्ठापित इंटरनेट हेतु लैन केबिल जो कि काफी क्षतिग्रस्त अवस्था में वह बार–बार खराब हो जाती है उसकी तुरन्त मरम्मत करा ली जाये अथवा आवश्यकतानुसार नये लैन कबिल लगवा लिये जाये। उपरोक्त अन्य कार्यों पर कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अधिशारी अधिकारी/अध्यक्ष को अधिकृत किया गया। |

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए सभा समाप्त की गयी।

Shakila

**अध्यक्ष,**
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

Scanned with CamScanner

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)

पत्रांक: 71 / न0पा0परि0–स0 / बो0बै0ए0 / 2025–26

दिनांक:– 7 जनवरी 2026

## बोर्ड बैठक सूचना/एजेण्डा

सेवा में,

1– श्री हरेन्द्र मलिक जी,
माननीय सांसद/पदेन सदस्य, नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)।

2– श्री अतुल प्रधान जी,
माननीय विधायक/पदेन सदस्य, नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)।

3– श्री धमेन्द्र भारद्वाज जी,
सदस्य विधान परिषद/पदेन सदस्य, नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)।

4– समस्त सदस्यगण,
नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)।

महोदय/महोदया,

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, सरधना की बोर्ड बैठक **दिनांक 13.01.2026 दिन मंगलवार को दोपहर 12:00 बजे "टाउन हॉल सरधना के डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम समागार में आहूत की गई है,"** जिसका एजेण्डा निम्नवत् है।

अतः आपसे अनुरोध है कि नियत दिनांक, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

**एजेण्डा बिन्दु निम्नवत् है:–**

1. गत बैठक की पुष्टि।
2. गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम कराये जाने पर विचार एवं आदेश बोर्ड।
3. 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत शासनादेश संख्या 8/806/320(6)/15वां वि0आ0/2025–26 लखनऊ दिनाक 18 नवम्बर 2025 में उल्लिखित दिशा–निर्देशानुसार टाईड ग्रांट हेतु अंकन 1,37,92,961 रू0 व शासनादेश संख्या 8/807/320(6)/15वां वि0आ0/2025–26 लखनऊ दिनांक 18 नवम्बर 2025 में उल्लिखित दिशा–निर्देशानुसार अन्टाईड बेसिक ग्रांट हेतु अंकन 91,95,307 रू0 की प्राप्त धनराशि के उपयोग पर विचार एवं आदेश बोर्ड।
4. उ0प्र0 नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 के अर्न्तगत आरोपित किये गये ग्रहकर, जलकर पर भवन स्वामियों के भवन के क्षेत्रफल आदि पर कर आरोपण के संबंध मे आपत्ति प्राप्त करने व पालिका हित व जनहित को दृष्टिगत रखते हुए डेयरियों, कपड़ा बुनकर पावरलूम, बैक ए0टी0एम0 मशीन, पैट्रोल पम्प, व्यवसायिक गोदाम, गैस एजेन्सी पर कर निर्धारण हेतु विचार एव आदेश बोर्ड।
5. पालिका में प्रचलित जल सम्भरण वितरण तथा जल शुल्क जलमूल्य, नियमावली 2012 द्वारा निर्धारित जलमूल्य शुल्क को भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर नियमावली अनुसार भवन या भूमि पर ग्रहकर, जलकर आरोपण उपरांत नियमावली अनुसार जलमूल्य को लिये जाने के संबंध में नियमावली संशोधन करने पर विचार एव आदेश बोर्ड।
6. नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन तथा स्वच्छता उपविधि के अंतर्गत यूजर चार्ज निर्धारित करते हुए उपविधि तैयार करने पर विचार एवं आदेश बोर्ड।
7. मोबाईल टावर पर लाईसैंस शुल्क व अन्य कर निर्धारण करने पर विचार एवं आदेश बोर्ड।
8. पालिका मे प्रचलित नगर पालिका परिषद सरधना (मेरठ) विभिन्न व्यवसाय व लाईसेन्स शुल्क उपविधि 1996 मे निर्धारित दरों को बढ़ाये जाने पर विचार एवं आदेश बोर्ड।
9. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से ।

(सबीला बेगम)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

प्रतिलिपि:– **निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय, मेरठ।अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) महोदय, मेरठ।
2. उप जिलाधिकारी महोदय, सरधना।
3. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सरधना।
4. श्री सुशील कुमार यादव, अवर अभियंता, न0पा0परि0, सरधना को इस आश्य से कि उपरोक्त दिनांक को बोर्ड बैठक के समय उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
5. नगर पालिका के समस्त विभागाध्यक्ष/पटल सहायक, को इस आश्य से कि उपरोक्त दिनांक को बोर्ड बैठक के समय उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
6. समस्त पत्रकारगण, सरधना।

(सबीला बेगम)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

Scanned with CamScanner